**अतिमहत्वपूर्ण सूचना**

**केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना**

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक–ए/626, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800023

**(वेबसाइट–www.csbc.bih.nic.in)**

---

**विज्ञापन संख्या 02/2019 के अंतर्गत बिहार पुलिस में 'सिपाही' पद पर चयन से संबंधित शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) एवं अभिलेख सत्यापन के संबंध में सूचना**

---

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा बिहार राज्य में बिहार पुलिस में 'सिपाही' पद की 11,880 रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 02/2019 दिनांक 04.10.2019 को प्रकाशित किया गया था।

2. इससे संबंधित लिखित परीक्षा दिनांक 12.01.2020 (रविवार) एवं दिनांक 08.03.2020 (रविवार) को आयोजित की गयी एवं परीक्षाफल दिनांक 08.06.2020 को प्रकाशित किया गया था ।

3. लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) दिनांक 15.07.2020 से शहीद राजेन्द्र प्रसाद सिंह राजकीय उच्च विद्यालय (पटना हाई स्कूल), गर्दनीबाग, पटना–800002 में निर्धारित थी जिसे कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत स्थगित कर दिया गया था । शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) हेतु प्रवेश–पत्र दिनांक 21.06.2020 से पर्षद की वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in पर उपलब्ध थे ।

4. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अब इस भर्ती से संबंधित शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन दिनांक 07.12.2020 से 30.01.2021 तक शहीद राजेन्द्र प्रसाद सिंह राजकीय उच्च विद्यालय (पटना हाई स्कूल), गर्दनीबाग, पटना–800002 में किया जाएगा । इस शारीरिक परीक्षा में पूर्व निर्गत प्रवेश–पत्र मान्य होंगे । **पूर्व निर्गत प्रवेश–पत्र पर अंकित समय एवं स्थान तथा अन्य शर्ते यथावत रहेंगी किन्तु तिथि निम्नानुसार नई होगी। अभ्यर्थी नीचे अंकित विवरणी में पूर्व निर्धारित तिथि (कॉलम 'A') के सामने अंकित नई निर्धारित तिथि (कॉलम 'B') में अंकित तिथि पर शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होंगे –**

| क्रमांक | पूर्व निर्धारित तिथि | नई निर्धारित तिथि (New Date) |
|---|---|---|
| | **A** | **B** |
| **1** | 15.07.2020 | 07.12.2020 |
| **2** | 16.07.2020 | 08.12.2020 |
| **3** | 17.07.2020 | 09.12.2020 |
| **4** | 18.07.2020 | 10.12.2020 |
| **5** | 20.07.2020 | 11.12.2020 |
| **6** | 21.07.2020 | 12.12.2020 |
| **7** | 22.07.2020 | 14.12.2020 |
| **8** | 23.07.2020 | 15.12.2020 |
| **9** | 24.07.2020 | 16.12.2020 |
| **10** | 25.07.2020 | 17.12.2020 |
| **11** | 27.07.2020 | 18.12.2020 |
| **12** | 28.07.2020 | 19.12.2020 |
| **13** | 29.07.2020 | 21.12.2020 |

| | | |
|---|---|---|
| **14** | 30.07.2020 | 22.12.2020 |
| **15** | 31.07.2020 | 23.12.2020 |
| **16** | 03.08.2020 | 24.12.2020 |
| **17** | 04.08.2020 | 26.12.2020 |
| **18** | 05.08.2020 | 28.12.2020 |
| **19** | 06.08.2020 | 29.12.2020 |
| **20** | 07.08.2020 | 30.12.2020 |
| **21** | 08.08.2020 | 31.12.2020 |
| **22** | 10.08.2020 | 02.01.2021 |
| **23** | 12.08.2020 | 04.01.2021 |
| **24** | 13.08.2020 | 05.01.2021 |
| **25** | 14.08.2020 | 06.01.2021 |
| **26** | 17.08.2020 | 07.01.2021 |
| **27** | 18.08.2020 | 08.01.2021 |
| **28** | 19.08.2020 | 09.01.2021 |
| **29** | 20.08.2020 | 11.01.2021 |
| **30** | 21.08.2020 | 12.01.2021 |
| **31** | 22.08.2020 | 13.01.2021 |
| **32** | 24.08.2020 | 15.01.2021 |
| **33** | 25.08.2020 | 16.01.2021 |
| **34** | 26.08.2020 | 18.01.2021 |
| **35** | 27.08.2020 | 19.01.2021 |
| **36** | 28.08.2020 | 21.01.2021 |
| **37** | 29.08.2020 | 22.01.2021 |
| **38** | 31.08.2020 | 23.01.2021 |
| **39** | 01.09.2020 | 25.01.2021 |
| **40** | 02.09.2020 | 27.01.2021 |
| **41** | 03.09.2020 | 28.01.2021 |
| **42** | 04.09.2020 | 29.01.2021 |
| **43** | 05.09.2020 | 30.01.2021 |

5. जिन अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश–पत्र अभी तक Download नहीं किया गया है । वे दिनांक 10.11.2020 से पर्षद की वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in के “Bihar Police” टैब पर दिए गए लिंक ‘‘Download Your e-Admit Card for PET of Bihar Police Constable’’ से प्रवेश–पत्र Download कर सकते हैं । तथापि जो अभ्यर्थी किसी कारणवश अपना ई–प्रवेश–पत्र Download नहीं कर सकें वे दिनांक 03.12.2020 एवं 04.12.2020 को केन्द्रीय चयन पर्षद के बैक हार्डिंग रोड (सचिवालय हाल्ट के निकट), पटना– 800001 स्थित पर्षद कार्यालय से पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक अपना डुप्लिकेट प्रवेश–पत्र अपने खर्च पर प्राप्त कर सकते हैं। स्पष्ट किया जाता है कि कोई भी प्रवेश–पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किया जायेगा ।

6. शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) हेतु नई निर्धारित तिथि को प्रत्येक अभ्यर्थी का सम्मिलित होना अनिवार्य है, अन्यथा वे अयोग्य माने जायेंगे और उन्हें दूसरा अवसर नहीं दिया जायेगा । शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान ही अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की भी जाँच की जाएगी।

7. शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) के अवसर पर सभी अभ्यर्थी निर्दिष्ट समय पर अपने प्रवेश–पत्र तथा निम्नांकित मूल प्रमाण–पत्रों तथा उनकी एक सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होंगे :

i. वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र (जैसे– आधार कार्ड, मतदाता पहचान–पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस आदि)।

ii. इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्णता का शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र। दिनांक 01.08.2019 तक या इसके पूर्व की ही शैक्षणिक अर्हता मान्य होगी।

iii. जन्म तिथि का प्रमाण–पत्र (मैट्रिक सर्टिफिकेट की मूल प्रति)।

iv. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग कोटि के लिए)। महिला अभ्यर्थियों (विवाहित/अविवाहित) के जाति प्रमाण–पत्र पर पिता का नाम एवं पता अंकित होने पर ही मान्य होगा।

v. क्रीमीलेयर में नहीं आने संबंधी प्रमाण–पत्र (पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए)। क्रीमीलेयर रहित (NCL) प्रमाण–पत्र, महिला अभ्यर्थियों (विवाहित/अविवाहित) के क्रीमीलेयर प्रमाण–पत्र पर पिता का नाम एवं पता अंकित होने पर ही मान्य होगा।

vi. बिहार राज्य के स्थायी निवासी होने संबंधी प्रमाण–पत्र (सभी आरक्षित कोटि के अभ्यर्थियों के लिए)।

vii. बिहार राज्य के गृह रक्षक (यदि हों तो) होने संबंधी प्रमाण–पत्र । सभी गृह रक्षक अभ्यर्थियों को अपने साथ केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, आनंदपुर, बिहटा से निर्गत बुनियादी प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र तथा होम गार्ड का वैध आई कार्ड दस्तावेज सत्यापन के समय लाना अनिवार्य होगा ।

viii. भारतीय मूल के गोरखा (यदि हों तो) होने संबंधी प्रमाण–पत्र, सिर्फ बिहार सैन्य पुलिस–1, गोरखा बटालियन, पटना के लिए ।

ix. बिहार राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नातीनी होने संबंधी प्रमाण–पत्र (बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्र संख्या–11687/सा0प्र0, दिनांक–30.08.2016 में विहित प्रपत्र के अनुसार) ।

x. बिहार राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का सदस्य होने संबंधी प्रमाण–पत्र । बिहार सरकार सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या 2622, दिनांक 26 फरवरी, 2019 (गजट संख्या 284) के द्वारा विहित प्रपत्र में ।

xi. जिन अभ्यर्थियों ने विज्ञापन संख्या 02/2019 के विरूद्ध आवेदन करते समय, विज्ञापन संख्या 02/2018 के वैध अभ्यर्थी होने के आधार पर आयु में छूट प्राप्त की है वे अभिलेख सत्यापन के समय विज्ञापन संख्या 02/2018 के आवेदन–पत्र की पावती एवं लिखित परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करेंगे ।

8. सभी उम्मीदवारों को विज्ञापन संख्या–02/2019 में वर्णित सभी शर्तों / प्रावधानों को पूरा करना अनिवार्य होगा ।

9. शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय अभ्यर्थी कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे, अनावश्यक रूप से अपने साथ किसी को नहीं लाएँगे, मास्क का प्रयोग करेंगे तथा हैण्ड सैनिटाइजर, खाद्य पदार्थ एवं पेय जल साथ लाएँगे, एवं प्रशासन द्वारा इस संबंध में निर्गत सभी अद्यतन निर्देशों का कड़ाई से पालन करेंगे ।

10. किसी भी विवाद में अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

11. प्रेस में मुद्रण अथवा टाईपोग्राफिकल अशुद्धियों के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा ।

12. दलालों से सावधान रहें और ऐसे संदिग्धों के संबंध में पुलिस को सूचित करें ।

**ह0/–**

**अध्यक्ष,**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना

**ज्ञापांक 52/के0च0प0(सू0)**

**अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,**

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक–ए/626,

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना– 800023

दिनांक 04/11/2020